कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 21.12.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
विकसित भारत पर परिचर्चा एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विकसित भारत-@2047 पर परिचर्चा एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने विकसित भारत-@2047 कार्य योजना को फलीभूत करने युवा छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पीढ़ी को जिम्मेदार नागरिक बनाना है। हर क्षेत्र - जैसे- तकनीकी, सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक स्तर पर विकास हेतु संकल्प लेना है।

नोडल अधिकारी डॉ. ऋचा ठाकुर ने संपूर्ण कार्ययोजना की जानकारी दी एवं क्रियान्वयन की रूपरेखा बताई। परिचर्चा सत्र में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने स्वतंत्रता के पश्चात् से भारत के क्रमिक विकास को बताते हुए कहा कि हमें स्त्री समानता, शिक्षा एवं सुरक्षा पर विशेष कार्य किया जाना चाहिये।

प्राणीशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. मो. शोयेब ने कहा कि विकसित भारत बनाने के लिये हमें प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च शिक्षा तक जमीनी स्तर पर काम करना होगा।

छात्राओं का प्रतिनिधित्व करते हुये प्रेक्षा यादव ने भारत की विकास यात्रा का वर्णन किया एवं छात्राओं को जागरूक किया, वहीं आर्या अवस्थी ने बेरोजगारी का मुद्दा उठाया एवं छात्राओं से जिम्मेदार नागरिक बनने की अपील की।

इस अवसर पर प्राचार्य ने सभी छात्राओं से विकसित भारत बनाने हेतु संकल्प/शपथ दिलाई। इस अवसर पर विकसित भारत की बनाई गई समिति सदस्य गणेश राम नायक, श्रीमती वंदना बंजारे एवं रासेयो अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, आरती सिंह राठौर, पिंटी देवी, ईशा देशमुख सहित छात्रायें उपस्थित थी।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में
विकसित भारत पर परिचर्चा एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन